हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 अगस्त 2026

06 भगवान की भक्ति निष्काम भाव से करें फल अवश्य...



09 सुनवाई न होने पर ग्रामीण आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

एचआईवी के बचाव के लिए स्कूलों में फैलाई जागरुकता

आरोन। 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सघन जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को रतन पब्लिक हाई स्कूल में गतिविधि की गई कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर अनुराग जैन एवं फैमिली प्लनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना से मैनेजर डायरेक्टर नीलम दिक्षित के आदेश से रतन पब्लिक हाई स्कूल में छात्र, छात्राओं के साथ जागरूकता गतिविधि में प्राचार्य जगबीर सिंह परमार , अजय यादव , विशाल सोनी (ORW) एवं स्कूल स्टाफ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ सघन जागरूकता अभियान के द्वारा समस्त लोगों को एचआईवी एड्स के बारे में हेपेटाइटिस बी सी के बारे में एवं टीवी के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई।

शारदा विद्या निकेतन के विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा का लहराया परचम

गुना। शारदा विद्या निकेतन के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और मेहनत के दम पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का संभाग एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। संभाग स्तरीय चयन में प्रियांश यादव एवं अभिराज सिंह गौंड का चयन हैंडबॉल, हर्षवर्धन धूरिया का बास्केटबॉल, श्रद्धा रघुवंशी का बैडमिंटन, कुलदीप लोधा एवं देव रघुवंशी का कबड्डी तथा द्रष्टांत शर्मा का शतरंज के लिए चयन हुआ है। वहीं जिला स्तरीय चयन में नेहा धुर्वे का फुटबॉल तथा अभिराज सिंह गौंड का फुटबॉल के लिए चयन हुआ है।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, लगन और निरंतर अभ्यास से यह साबित किया है कि शारदा विद्या निकेतन में शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को भी उचित मंच और प्रोत्साहन दिया जाता है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। शारदा विद्या निकेतन भविष्य में भी विद्यार्थियों को खेल एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। इस सफलता में स्कूल के गेम्स एंड स्पोर्ट्स हेड कुनाल यादव सर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

गुना की बेटी लक्ष्मी सहरिया ने जीता गोल्ड मेडल



गुना। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की क्षेत्रिय ताइक्वांडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिताओं भाटापारा में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर महावीर पुरा गुना से लक्ष्मी सहरिया एवं शगुन सहरिया ने भाग लिया। जिसमें मालवा प्रांत एवं महाकौशल प्रांत से दो-दो मैच खेले जिसमें लक्ष्मी सहरिया विजेता रही एवं गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विजेता बहन को भारत कल्याण केंद्र समिति के मुकेश उपाध्याय, चंद्र शेखर कुशवाह विनोद रघुवंशी, अनिल भार्गव, भारत सुमन मंगल एवं संस्था के प्राचार्य संजय पाराशर खेल प्रतियोगिता प्रभारी वीरेंद्र गोस्वामी तथा समस्त विद्यालय परिवार ने गोल्ड मेडल विजेता लक्ष्मी सहरिया एवं सगुन सहरिया को शुभकामनाएं दी। विजेता बहन आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता में खंडवा में भाग लेंगी ।

कुंभराज में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

दबंगों ने सड़क पर युवक को पटककर बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के कुंभराज कस्बे से सरेराह गुंडागर्दी और बर्बरता का एक गंभीर मामला सामने आया है। छाबड़ा चौराहा स्थित मस्जिद के पास आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश व हथियारों से लैस बदमाशों ने एक युवक को सडक़ पर पटककर लाठी, डंडों और लुहांगी से बेरहमी से पीटा। हमलावर युवक को तब तक पीटते रहे जब तक वह बेसुध होकर सडक़ पर नहीं गिर पड़ा। इस पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया है।

पुरानी रंजिश को लेकर हुआ हमला

अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे पीड़ित युवक की पहचान गोरियाखेड़ा निवासी 32 वर्षीय सरवन मीना के रूप में हुई है। घायल सरवन ने बताया कि एक दिन पहले यानी रविवार को वह कलारी पर शराब लेने गया था, जहां



देहरी गांव के कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया था और आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी। सरवन इसकी शिकायत लेकर कुंभराज थाने भी पहुंचा था, लेकिन अगले ही दिन आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला बोल दिया।

बहन की दुकान के बाहर बिछाया जाल

सोमवार दोपहर करीब 1 बजे सरवन जब छाबड़ा चौराहा स्थित अपनी बहन की दुकान पर पहुंचा, तभी देहरी गांव के कोमल मीणा अपने 6-7 अन्य साथियों के साथ आए और धारदार हथियार लेकर वहां आ धमके। आरोपियों ने सरवन को संभलने का मौका दिए बिना बीच सडक़ पर खींच लिया और दनादन बेल्ट व डंडे बरसाने शुरू कर दिए। सरेराह हुई इस वारदात को देखकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में दहशत फैल गई।

हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

अत्यधिक मारपीट से जब सरवन सडक़ पर ही अचेत हो गया, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल सरवन को तुरंत कुंभराज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल गुना रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है।

पुलिस ने दर्ज किया मामला, तलाश जारी

वीडियो के आधार पर कुंभराज पुलिस ने मुख्य आरोपी कोमल मीणा सहित अन्य अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कुंभराज थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। वायरल वीडियो की मदद से अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नैशकला में भैंस चराने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

चांचौड़ा पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत ग्राम नैशकला में सरकारी जमीन पर भैंस चराने के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष से मीना भील ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ताऊ के लड़के लक्ष्मण भील ने सरकारी जमीन पर भैंस चराने के विवाद में उसके पिता देवीलाल के सिर में पत्थर मारकर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी बहन सीमा के साथ भी मारपीट की गई। गंभीर हालत में देवीलाल को बीनागंज से जिला अस्पताल गुना रैफर किया गया है।

वहीं, दूसरे पक्ष से लक्ष्मण भील ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि देवीलाल और उसके बेटे विष्णु ने उसे रोककर भैंस चराने की बात पर गालियां दीं। विरोध करने पर देवीलाल ने सिर में पत्थर मारा और विष्णु ने डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चांचौड़ा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है और गवाहों के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी जांच शुरू कर दी है।

तीन दोस्तों पर डंडों से हमला, तोड़ी स्कूटी

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड स्थित शांति ढाबे के पास तीन युवकों पर अज्ञात बदमाशों द्वारा लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मटकरी कॉलोनी निवासी प्रयांशू धौलपुरिया (23) अपने दोस्त आयुष ओझा और आरंभ वर्मा के साथ गत दोपहर करीब 3 बजे शांति ढाबे पर खाना खाने गया था।

जब तीनों दोस्त ढाबे के पास टॉयलेट के लिए गए, तभी दो बाइकों पर सवार होकर आए 4 अज्ञात बदमाशों ने बिना किसी कारण के उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर बदमाशों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से तीनों दोस्तों की बेरहमी से पिटाई कर दी और आरंभ वर्मा की एक्टिवा स्कूटी में भी तोडफ़ोड़ की।

अगरा का स्वीकृत विद्युत सबस्टेशन दूसरी जगह ले जाने का विरोध

ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर की जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले की ग्राम पंचायत अगरा में स्वीकृत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र और फीडर को कथित रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित किए जाने के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और पूर्व निर्धारित स्थान पर ही सबस्टेशन का निर्माण पूरा कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि अगरा सहित आसपास के करीब 7-8 गांवों की बिजली समस्या दूर करने के लिए 33/11 केवी सबस्टेशन स्वीकृत हुआ था। इसका भूमिपूजन पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने किया था। भूमि चयन के लिए राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण तथा पंचनामा भी किया गया। परियोजना का टेंडर होने के बाद भदौरा से अगरा तक करीब 80 विद्युत खंभे लगाए जाने थे। इनमें लगभग 20 खंभे लगाए भी जा चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अब उन्हें सबस्टेशन अथवा फीडर को अगरा से हटाकर दूसरी जगह ले जाने की जानकारी मिल रही है। ज्ञापन में एक व्यक्ति द्वारा फीडर को भिंडरा की ओर ले जाने के लिए लोगों को प्रभावित करने का आरोप भी लगाया गया है। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति का विरोध नहीं, बल्कि स्वीकृत विकास कार्य को नियमानुसार पूरा कराना है।

ग्रामीणों ने मांग की कि स्थान परिवर्तन या निरस्तीकरण संबंधी आदेश की जांच कर उसकी प्रति और कारण सार्वजनिक किया जाए। पहले से लगाए गए खंभों का मौके पर निरीक्षण कराया जाए। परियोजना के स्थान परिवर्तन में किसी व्यक्ति विशेष के हस्तक्षेप की भी जांच हो।

ई-अटेंडेंस के चक्कर में उलझे नगर पालिका कर्मचारी

हर बार की तरह सर्वर ठप होने से कट रहा वेतन, मूलभूत सुविधाओं का भी टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर को साफ-सुथरा रखने वाले सफाई दूत इन दिनों नगर पालिका की नई प्रशासनिक व्यवस्था से खासे हलाकान हैं। नगर पालिका में लागू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था कर्मचारियों के लिए सहूलियत की जगह मुसीबत का सबब बन गई है। सर्वर डाउन होने और तकनीकी खामियों के चलते प्रतिदिन घंटों तक हाजिरी दर्ज नहीं हो पाती, जिससे 700 से अधिक कर्मचारियों पर वेतन कटने का संकट मंडरा रहा है।नई व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल पर जाने से



पहले 3 से 5 किलोमीटर दूर नपा कार्यालय आकर डिजिटल हाजिरी लगानी पड़ती है। सूत्रों की मानें तो कई आर्थिक रूप से कमजोर कर्मचारियों को मजबूरी में किस्तों पर स्मार्टफोन खरीदने पड़े हैं। इसके बावजूद तकनीकी गड़बड़ियों के कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे कर्मचारियों में भारी तनाव और असंतोष पनप रहा है।

संसाधनों का अभाव

एक तरफ जहां डिजिटल हाजिरी को लेकर सख्ती बरती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ शहर के 37 वार्डों में काम करने वाले सफाई कर्मियों की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। कड़ाके की धूप हो या बारिश, बिना ग्लव्स, जूते, मास्क और यूनिफॉर्म के ही ये कर्मचारी शहर की गंदगी साफ करने को मजबूर हैं। संक्रमण और गंभीर बीमारियों के खतरे के बीच काम कर रहे इन कर्मचारियों के प्रति प्रशासन का यह रवैया कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों और कर्मचारी संघों ने मांग की है कि हाजिरी प्रक्रिया को व्यावहारिक बनाया जाए।

राघौगढ़ में सूने फार्म हाउस को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की सामग्री पार

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत साडा कॉलोनी निवासी एक कृषक के सूने पड़े फार्म हाउस में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए गेट, खिडक़ी, मोटर और घरेलू सामान सहित भारी मात्रा में सामग्री पार कर दी। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साडा कॉलोनी राघौगढ़ निवासी 56 वर्षीय वेद प्रकाश पटवा खेती-किसानी का कार्य करते हैं। खिरिया भरसूला साडा कॉलोनी में उनके परिवार की जमीन है, जहां 5 कमरों का एक फार्म हाउस बना हुआ है। फार्म हाउस में कोई निवास नहीं करता है। फरियादी व्यावसायिक व्यस्तताओं के चलते विगत लगभग दो माह से अपने फार्म हाउस की देखरेख करने नहीं जा पाए थे। गत शाम करीब 5 बजे जब वेद प्रकाश अपने फार्म हाउस पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर हैरान रह गए। फार्म हाउस के गेट, खिडक़ी, जंगले, पानी की मोटर, एंगल, गैस सिलेंडर, चूल्हा, चद्दर, 6 सीलिंग पंखे, पेट्रोल चालित लकड़ी काटने की आरा मशीन, जाली के 2 बंडल, ट्रैक्टर की पुरानी बैटरी, मिक्सी, लोहे का पलंग, लोहे की जंजीर, पाइप, सिंचाई के नोजल (सिस्टम) और तार फेंसिंग का सामान गायब था।

8 अक्टूबर को भोपाल में जनजीवन की समस्याओं को लेकर जनांदोलन का आह्वान

'आम जनता पेट्रोल में ऐथेनॉल की मिलावट से परेशान'



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

एसयूसीआई द्वारा स्थानीय नगरपालिका हनुमान चौराहा पर विरोध प्रदर्शन कर के कलेक्ट्रेट कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार सार्वजनिक उपक्रमों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बिजली, रेलवे का लगातार निजीकरण किया जा रहा है जिससे रोजगार के अवसर घट रहें। जिससे भयंकर रूप से बेरोजगारी बढ़ रही है। वहीं दूसरी शक्कर,दाल, रिफाइंड तेल के दाम लगातार बढ़ाये जा रहें, बस किराये में अभूतपूर्व वृद्धि, पेट्रोल में ऐथेनॉल मिलावट से गम्भीर समस्याओं का सामना आम जनता को करना पड़ रहा है। सरकार विकास और सौंदर्य करण के नाम पर झुग्गीयों बस्तियों को निर्मम ढंग से तोड़ रही है। अमानवीयता की सभी सीमाओं को पारकर लोगों के घर, दुकान, ठेले, रेहडी पटरी को तोड़ा जा रहा है लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों को लिए सडक़ों पर रहने पर मजबूर हैं। यह सब चंद उद्योगपतियों, पूंजीपतियों को मुनाफा देने के लिए सत्ताधारी बीजेपी के द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शन को विकास बंसल लोकेश शर्मा, सीमा राय ने भी सम्बोधित किया। संचालन श्रीराम सेन ने किया। पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य लोकेश शर्मा ने आगामी 8 अक्टूबर को जनजीवन की समस्याओं को लेकर राजधानी भोपाल में जनांदोलन का आह्वान किया है।

'एथेनॉल कंपनियों को फायदा पहुंचाने जनता पर दोहरी मार'

गुना। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने गुना जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल में एथनॉल मिलाकर केंद्र सरकार जनता पर दोहरी मार कर रही है। एक ओर वाहन एथनॉल फ्रेंडली न होने से खराब हो रहे हैं और उनका माइलेज घट रहा है, वहीं दूसरी ओर गन्ने का उपयोग शक्कर के बजाय एथनॉल उत्पादन में करने से शक्कर के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। माकपा नेता ने आरोप लगाया कि 25 लाख टन गन्ना एथनॉल उत्पादन में शिफ्ट होने से शक्कर महंगी हो गई है, जबकि एथनॉल कंपनियों और



तेल कंपनियों का मुनाफा कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में राज्य सचिव मंडल सदस्य रामविलास गोस्वामी ने सितंबर माह में चलाए जाने वाले संगठन और संघर्ष फंड अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विष्णु शर्मा ने की तथा संचालन जिला सचिव जहूर खान ने किया। इस दौरान ज्ञानेश मेर, गिरीश कश्यप, गोपाल सिंह राजपूत और सुरेंद्र सैनी उपस्थित रहे।

दो महीने से लापता बुजुर्ग महिला को समाजसेवी भार्गव ने परिवार से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए दो माह से लापता बुजुर्ग माताजी को उनके परिवार से मिलवा दिया। बुजुर्ग महिला गंगादेवी की सूचना गुना रेलवे स्टेशन से डॉ. गौरव प्रताप सिंह के माध्यम से प्रमोद भार्गव तक पहुंची थी। गंगादेवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उनके परिजनों की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पता चला कि बुजुर्ग माताजी का परिवार उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के पिपरेहरी गांव में रहता है।परिजनों से संपर्क करने पर उनके बेटों ने बताया कि गंगादेवी करीब दो महीने से घर से लापता थीं। परिवार ने उन्हें काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका था। सूचना मिलने के बाद माताजी के दो



बेटे विनीत कुमार नामदेव और प्रेमचंद गुना पहुंचे और अपनी माताजी को सकुशल अपने साथ घर ले गए।परिवार से मिलते समय भावुक माहौल रहा। परिजनों ने समाजसेवी प्रमोद भार्गव के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रमोद भार्गव लंबे समय से भूले-बिछड़े को उनके परिवारों से मिलाने का कार्य कर रहे हैं।

समाचार संक्षेप

राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति की बैठक महाविद्यालय चाचौड़ा में आयोजित



गुना। शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आर पी मीना द्वारा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के सत्र 2026-27 की सलाहकार समिति की बैठक में वार्षिक गतिविधियों, गोद ग्राम नाईपुरिया का चयन,24 सितंबर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर संभागीय एन एस एस समन्वयक डॉ हरिशंकर कंसाना जी के आमंत्रण, स्वास्थ विभाग के सहयोग से रक्त परिक्षण शिविर एवं सात दिवसीय आवासीय शिविर फरवरी के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में आयोजन पर चर्चा हुई। इस बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की सह प्रभारी डॉ मंजू शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश नाटानी, बी सी एम स्वास्थ्य विभाग हेमंत गौड, समाजसेवक भावेश गुप्ता, महाविद्यालय के लेखापाल मनोज सिंह सिकरवार, डॉ संतोष साहू , एन एस एस पूर्व छात्रा कु. पायल सेन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

गांव में निकली शिव पालकी यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया जगह-जगह स्वागत, बरसाए फूल



कुंभराज। मृगवास में निकली भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा, जगह-जगह स्वागत हुआ । सोमवार को कस्बे में भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा कस्बे से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नागरिकों द्वारा पालकी यात्रा का स्वागत किया गया।पालकी यात्रा के दौरान कस्बे में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। वहीं यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए थाना प्रभारी संदीप यादव के निर्देशन में बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों को तैनात किया गया।पालकी यात्रा में संदीप शर्मा, नवीन बैरागी, नरेंद्र सेन, पवन लोधा, जगदीश प्रजापति, राधेश्याम वर्मा, नवीन शर्मा, पप्पूलाल माली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कस्बेवासी उपस्थित रहे।

राघौगढ़ में रक्षाबंधन महामंडल विधान का शुभारंभ

भगवान की भक्ति निष्काम भाव से करें फल अवश्य मिलेगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



धर्म नगरी राघौगढ़ में चातुर्मास रहे मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित चार दिवसीय श्री रक्षाबंधन महामंडल विधान के भव्य शुभारंभ के अवसर पर मंगल प्रवचन करते हुए औजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा इस विधान के अनुष्ठान के माध्यम से 700 मुनिराजों को स्मरण कर अर्घ चढ़ाते हैं। आपने श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन दिया कि भगवान के दर्शन पूजन एवं विधान आदि के आयोजन मनोकामना के साथ हमें नहीं करना चाहिए। इन धार्मिक अनुष्ठानों का निश्चित ही हमें फल मिलता है। मुनिराज ने कहा वर्षों तक भगवान की पूजन दर्शन भक्ति करने के बाद भी मनोकामना पूर्ण नहीं होती है तो भक्त निराश होकर भगवान की भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। भगवान की भक्ति छोड़ना अनुचित कार्य है। हमें वर्तमान में पुण्य नहीं मिलने का कारण पूर्व जन्म में किया पाप हैं। और आज हम जो पुण्य कमा रहे हैं उसका फल निश्चित हमें मिलेगा। आपने आगे यह कहा कि किसान गेहूं खेत में बोता है फसल आने पर गेहूं के साथ भूसा फ्री मिलता है। 28 अगस्त तक चलने वाले चार दिवसीय श्री रक्षाबंधन महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ आज प्रातः 7:00 बजे से भगवान का सामूहिक अभिषेक शांति धारा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से हुआ। इंदौर से पधारे बाल ब्रह्मचारी सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्य तरुण भैया जी के मार्गदर्शन में सभी मांगलिक क्रियाएं भक्ति भाव से प्रारंभ हुई। विद्यासागर सभागार राघोगढ़ बेदी भगवान विराजमान कर इस विधान का भक्ति भाव से आयोजन किया जा रहा है।

तरुण भैया जी ने कहाराघौगढ़ नगर वासियों का सौभाग्य है कि रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर श्री रक्षाबंधन महामंडल विधान के आयोजन के माध्यम से राघौगढ़ में चातुर्मास कर रहे युगल मुनिराजों के पावन सानिध्य में हम उपसर्ग विजेता 700 मुनि राजों को स्मरण कर उन्हें भक्ति भाव से अर्घ समर्पित करे रहे हैं। विधान आयोजन के पुण्यार्जक परिवार राजेंद्र कुमार सिद्धार्थ कुमार श्रेयांश कुमार जैन मेडिकल परिवार राघौगढ़ ने सभी साधर्मीजनों से आग्रह किया कि इस मांगलिक धार्मिक आयोजन में भक्ति भाव से भाग लें।

फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज: विद्यार्थियों के साथ दौड़े स्कूल प्राचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत "फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज" गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविन्द तिवारी एवं हेडमास्टर जीतेन्द्र जैन ने विद्यार्थियों के साथ दौड़ लगाकर फिटनेस गतिविधि में सहभागिता की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम, खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच कबड्डी का मैत्री मैच भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क का परिचय दिया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि " स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है"।

राम चरित मानस की परीक्षा सर्वश्रेष्ठ उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

श्रावण मास के पावन पर्व पर समाजसेवी अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ मुख्य महासचिव डॉ तारा सिंह प्रजापति के सुपुत्र बलराम सिंह प्रजापति हरिपुर को राम चरित मानस रामायण की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सर्वश्रेष्ठ प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर उनके पुत्र को सम्मानित किया गया। मानस भवन गुना में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में एवं एस,डी,एम, शिवानी पाठक प्रभारी रहीं और भी बहुत समिति के गणमान्य सदस्य मौजूद रहे एवं हाय सेकेन्ड्री स्कूल गुना के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा डॉ, तारा सिंह प्रजापति के सुपुत्र बलराम सिंह प्रजापति को राम चरित्र मानस के पेपर में सर्वश्रेष्ठ उत्तीण,करने पर बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी धन्यवाद, एवं हम हमारा समस्त परिवार इस सम्मान के लिए मानस भवन समिति एवं कलेक्टर महोदय गुना एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त स्टाफ का धन्यवाद करते हैं इस सम्मान के लिए और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

आरोन में पुजारियों की हुंकार: मंदिरों की भूमि और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हुआ पुजारी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



मंदिरों की भूमि, पूजा-व्यवस्था एवं पुजारी समाज के अधिकारों को लेकर गुना जिले के पुजारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक श्रीराम रिजॉर्ट, आरोन में आयोजित की गई। बैठक में मंदिरों की परंपरा, भूमि और पुजारी परिवारों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में पुजारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री लखन शास्त्री जी के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष लखन दुबे, गोपाल भार्गव, अभिषेक शर्मा, पंकज वैष्णव सहित अनेक पुजारियों ने भाग लिया।

बैठक में महंत श्री भवानी पुरी जी श्री महंत महामंडलेश्वर, बलराम दास जी एवं महेंद्र जी सहित संतों, महंतों एवं वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।बैठक में प्रमुख रूप से मंदिरों की भूमि की नीलामी की प्रक्रिया का विरोध किया गया। साथ ही मंदिर भूमि पर खेती करने वाले पुजारियों को बीज, खाद एवं अन्य कृषि सुविधाओं में शासन का सहयोग उपलब्ध कराने की मांग और चर्चा की गई।पुजारी समाज ने अपने अधिकारों और मंदिरों की परंपरा की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान भावनात्मक रूप से यह स्वर भी उठा कि "अब बात नहीं, रण होगा—जीवन या मरण होगा", जिसका आशय अपने अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ एवं संगठित संघर्ष करने से था।बैठक में यह भी चर्चा हुई कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अंत में संतों, महंतों एवं वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में सभी उपस्थित पुजारियों ने एकता बनाए रखते हुए मंदिरों की भूमि, पूजा-परंपरा एवं पुजारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह तथा जेल अधीक्षक लित दीक्षित सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान उपस्थित बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, बंदियों के विधिक अधिकार, जमानत संबंधी प्रावधान, लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के समाधान सहित विभिन्न विधिक विषयों की जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों द्वारा बंदियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी गई।इस अवसर पर न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगण एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के महत्व का संदेश दिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया।



शासकीय नेहरू पी.जी. महाविद्यालय में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया

अशोकनगर। शासकीय नेहरू पी.जी. महाविद्यालय, अशोकनगर में प्राचार्य डॉ. रेनु राजेश के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम साइंस लैब के लैब टेक्नीशियन भोला राम अहिरवार, देवेंद्र जाटव एवं बृजेंद्र सैनी द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को हराभरा बनाने तथा विद्यार्थियों एवं समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा।

एनएसयूआई द्वारा छात्र संघ चुनाव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक



अशोकनगर। छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों एवं आगामी रणनीति को लेकर अशोकनगर में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं छात्र राजनीति से जुड़े वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त जिला छात्रसंघ प्रभारी सौरव यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

छात्र संघ प्रभारी सौरव यादव ने बैठक में छात्रसंघ चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों, छात्र हितों से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई।छात्र संघ प्रभारी सौरव यादव ने कहा कि छात्रों की भागीदारी और उनकी आवाज को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी बात रखने का प्रभावी मंच मिलता है। उन्होंने सभी पूर्व छात्र नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर छात्र हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में उपस्थित पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सचिन त्यागी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छात्रसंघ की भूमिका केवल चुनाव तक सीमित नहीं होती, बल्कि छात्रों की आवाज को प्रशासन एवं शासन तक पहुंचाने में छात्र संगठनों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों को शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति,परीक्षा व्यवस्था, महाविद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य छात्र हितों के मुद्दों पर एकजुट करने पर जोर दिया।

ग्राम पलकाटोरी औद्योगिक क्षेत्र विकास की समीक्षा बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में ग्राम पलकाटोरी में औद्योगिक क्षेत्र विकास के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी इसरार खान,तहसीलदार संतोष धाकड़,महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सत्येन्द्र लोधा सहित उद्यमी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भू-खण्डों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लीज डीड की कंडिका अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उद्योग स्थापना हेतु उद्यमियों के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने आवंटित भू-खण्डों पर उद्यमियों से कार्य प्रारंभ करने का आव्हान किया। बैठक में बताया गया कि पलकाटोरी औद्योगिक क्षेत्र में कुल 123 भू-खण्ड है,जिनमें से 53 भू-खण्डों का आवंटन हो चुका है। जिसमें से 28 भू-खण्डों को दो वर्ष में उद्योग स्थापित नही करने पर निरस्त किया गया है। उद्योग आयुक्त द्वारा अपील में उक्त निरस्त भू-खण्डों को 06 माह में उद्योग स्थापना की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। बैठक में उद्यमियों द्वारा बताया गया कि भू-खण्डों पर अतिक्रमण को हटाया जाए। साथ ही विद्युत के कनेक्शन दिलाये जाएं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को कारण बताओ नोटिस



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने मंगलवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम जमाखेड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों एवं बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मालवीय ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के टीकाकरण से संबंधित पंजी नियमित रूप से संधारित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र की उपस्थिति पंजी में दर्ज संख्या से कम बच्चे पाए जाने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को कारण बताओं नोटिस देकर तीन-तीन दिवस का वेतन काटे जाने की निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने शासकीय स्कूल पहुंचकर स्कूल संचालन की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने स्कूली बच्चों से मध्यान्ह भोजन सहित अन्य जानकारी ली तथा शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए।

650वी जयंती के उपलक्ष में भाजपा का समरसता संकल्प अभियान

शाढ़ौरा मंडल में पहुंची संत श्री शिरोमणि रविदास की कलश यात्रा, की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वी जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रारंभ किए गए समरसता संकल्प अभियान के तहत शाढ़ौरा मंडल के ग्राम मणिनामदार, विजयपुरा, झीला, अमोदा होते हुए शाढ़ौरा,कनारी चक्क,म्यापुर, पिपरी से होते हुए रात्रि विश्राम हुआ।

शाढ़ौरा मंडल के 10 गांव में क्षेत्र के लोग इकट्ठा हुए जिन्होंने समरसता यात्रा का लाभ लेकर कलश पूजन किया। यात्रा के प्रभारी सत्येंद्र कलावत ने बताया संत रविदास जी की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी से भरा कलश क्षेत्र के सभी गांव में पहुंच रहा है इससे सभी लोगों में समरसता का संदेश पहुंच रहा है। इस अवसर पर यात्रा के जिला प्रभारी सत्येंद्र कलावत भाजपा की जिला महामंत्री एवं यात्रा की सह प्रभारी शीला जाटव यात्रा के सह प्रभारी रामवीर धनोरिया, भाजपा के शाढ़ौरा मडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी यात्रा की टोली प्रभारी वीरेंद्र सिंह कनारी, सुरेंद्र सिंह सेजी, नगर परिषद शाढ़ौरा के अध्यक्ष अशोक माहौर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद सिंह रघुवंशी, पार्षद हरिओम कुशवाहा, मंडल महामंत्री अनिल रघुवंशी, मंडल उपाध्यक्ष शिवराज रघुवंशी, वरिष्ठ नेता रणवीर सिंह झीला, सहित क्षेत्र की अनेक लोग यात्रा में उपस्थित रहे।

मां जानकी के दरबार में चढ़ाई गई 101 मीटर की चुनरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर परिषद के समीप ग्राम रमखिरिया से मां जानकी करीला धाम के लिए 101 मीटर की चुनरी यात्रा निकाली गई। ग्राम रमखिरिया के समस्त समाज बंधुओं एवं ग्रामवासियों ने एकत्रित होकर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पैदल 101 मीटर लंबी चुनरी लेकर मां जानकी के दरबार करीला धाम के लिए यात्रा की। श्रद्धालुओं ने करीला धाम पहुंचकर मां जानकी को 101 मीटर की चुनरी अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। चुनरी यात्रा के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम रमखिरिया के समस्त ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और आपसी भाईचारे का सुंदर संगम देखने को मिला। मां जानकी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

साइबर ठगी के शिकार आवेदक के 4,400 रुपए वापस कराए गए

अशोकनगर। थाना कचनार पुलिस द्वारा साइबर ठगी के एक मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ति आवेदक के ठगी किए गए 4,400 रुपये एमआरएम पोर्टल के माध्यम से वापस कराए गए। उल्लेखनीय है कि दिनांक 02.06.2025 को आवेदक सोनू यादव पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम डोंगरा सेमरा के मोबाइल फोन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर रौब दिखाया गया तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर धोखाधड़ी पूर्वक 4,400 रुपये ऐंठ लिए गए थे। घटना के संबंध में आवेदक द्वारा तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कचनार उनि सत्येन्द्र कुशवाह द्वारा अपने सहयोगी आरक्षक 284 विजय भार्गव के साथ तत्परता से कार्यवाही की गई।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुमेर निवासी रामसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मन्टू, रामलाल और कन्हेया आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बराना निवासी बसंतीबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चंदू आदिवासी ने नशे में उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छैवलाई निवासी अर्जुन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुनील और संजय रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

लोन दिलाने के नाम पर राशि वसूल की, व चेक वापिस नहीं किया

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत अनूप सोनी निवासी अथाईखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है मनीष जैन ने लोन दिलाकर उससे अधिक राशि वसूल की व फरियादी का चेक वापिस नहीं किया, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

जुओं के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की है। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने स्कूल के पीछे गरेठीं में मोनू, अहिरवार,धन्नू, अभिषेक और मुकेश अहिरवार को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1200 रूपए और ताश की गडडी बरामद की है। पिपरई पुलिस ने ही ग्राम गरेंठी में बस स्टेण्ड के सामने जुआ खेलते हुए मोनू कुशवाह, बबलू लोधी,लोकपाल सोलंकी, नेपाल चंदेल को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गडडी और 1100 रूपए बरामद किए गए हैं।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने अजय पुत्र हीरालाल आदिवासी को अवैध रूप से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार कदवाया पुलिस ने मुलायम लोधी निवासी बुड़ेरा के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने चिरोला निवासी सरीफ सपेरा के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है और कैथाई निवासी शिवराज अहिवार के पास से भी 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है।

6 बार सीमांकन के बाद भी भूमि नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

सुनवाई न होने पर ग्रामीण आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





ग्रामीण छत्ता पुत्र हीरा जाटव निवासी ग्राम अमरोद सिंगराना तहसील नईसरायं अपनी समस्या के लगातार आवेदन देने के बाद भी निराकरण न होने पर दिए गए आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में पहुंचा। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जन सुनवाई में आने वाले आवेदनों को लेकर प्रशासन कितना गंभीर है कि एक के बाद एक आवेदन देने के बाद सुनवाई नहीं हो रही है जिसके कारण आए दिन जनसुनवाई में आने वाले लोगों को या तो पेट्रोल लेकर आना पड़ रहा है या फिर विवाद करते हुए देखा जा सकता है।


ऐसी ही जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्या की सुनवाई न होने पर ग्रामीण को अपने आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में जाना पड़ा। छत्ता जाटव ने अपने आवेदन में कहा है कि सर्वे नं. 136/2 रकवा 5 बीगा का 6 बार फीस भरकर सीमांकन करा चुका है लेकिन गिरदाबल सुरेन्द्र सिंह यादव द्वारा पडोसियों से पैसे लेकर मौके पर प्रार्थी को सिर्फ 3 बीगा भूमि ही देना बता रहा है। बोलने पर कहता है इतनी ही मिलेगी, लेना है तो ले नहीं तो यह भी नही मिलेगी अन्यथा दूसरे के नाम पर कर दूंगा। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड सकता। 15 साल से मेरा कोई तवादला भी नही करवा सका 6 बार पटवारी एवं तहसीलदारों के तबादले हो चुके है। प्रार्थी द्वारा जब 181 पर शिकायत करने पर प्रार्थी पर पुलिस की धमकी देकर एवं दबाव बनाकर 181 की शिकायत कटवा दी जाती है। प्रार्थी की जमीन तहसील नईसराय ग्राम मालाखेडी है यहां के गिरदाबल सुरेन्द्र सिंह एवं पटवारी हिमानी को हमारे हल्का से तबादला किया जाए ताकि गरीबों के साथ न्याय हो सके।

जनसुनवाई में आवेदकों की संख्या कम हुई 157 आवेदक ही पहुंचे

जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई का बड़ा कार्यक्रम होता है शहर से लेकर गांव तक के लोग बड़ी उम्मीदों के साथ अपने आवेदन लेकर पहुंचते हैं लेकिन जनसुनवाई में तात्कालिक नहीं होने से आवेदकों को निराशा का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ उन आवेदकों की सुनवाई हो पाती है जो शासन की योजना में आ रहे हैं या प्रशासन उनका निराकरण कर सकताहै, शेष आवेदकों को निराशा का सामना करना पड़ता है जिसके कारण जन सुनवाई में कम होती संख्या इसका उदाहरण है। मंगलवार को 157 आवेदक ही जनसुनवाई में पहुंचे। जनसुनवाई में ग्राम जलालपुर निवासी माधौसिंह द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये जाने,अशोकनगर निवासी विनीता अहिरवार द्वारा पति की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने,ग्राम सेमराहाट निवासी परमाल अहिरवार द्वारा आधार कार्ड बनवाये जाने,ग्राम गतासोनेरा निवासी सुसाव सिंह अहिरवार द्वारा लोन पर अधिक रेट लगाये जाने,अशोकनगर निवासी नारायण रजक द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,मुंगावली निवासी मोहन सांसी द्वारा बिजली का बिल अधिक आने,अशोकनगर निवासी मनोज शर्मा द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने के आवेदन जनसुनवाई में आए।

जर्जर स्कूल भवन का विधायक इंजी. हरिबाबू ने किया निरीक्षण





अशोकनगर। मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम जुग्या में ग्रामवासियों ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन एवं विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं से विधायक इंजी. हरिबाबू राय को अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में लगभग 97 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन भवन की स्थिति जर्जर होने के कारण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत मिलने पर विधायक ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की दीवारों एवं छत के कई स्थानों पर सरिया दिखाई दे रहे थे, वहीं विद्यार्थियों के बैठने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध होने के बावजूद विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण बच्चों को बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने मौके से ही संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर विद्यालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने, जर्जर भवन की आवश्यक मरम्मत कराने तथा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।


सीएलसी राउंड हेतु 25 अगस्त से 29 अगस्त तक पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग प्रारंभ

अशोकनगर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) ग्राम मोहरीराय अशोकनगर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासकीय आईटीआई अशोकनगर में 06 व्यवसायिक पाठ्यक्रम (ट्रेड) संचालित हैं। जिनमें वेल्डर 33 सीट, कोपा 16 सीट, इलेक्ट्रीशियन 5 सीट, फिटर 4 सीट, मैकेनिक डीजल 14 सीट, मैकेनिक मोटर व्हीकल 9 सीट एवं शासकीय आईटीआई मुंगावली में व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन 4 सीट रिक्त है जिनके लिए प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में चल रही हैं। वर्तमान में संस्था में सीएलसी राउण्ड प्रचलन में हैं।

पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

जन संस्कृति मंच ने रचना पाठ का किया आयोजन, मिली सराहना






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय मंगल पैलेस अशोकनगर में रचना पाठ की द्वितीय श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस आयोजन वरिष्ठ प्रयास जोशी की अध्यक्षता में हुआ। अतिथि कवि विनोद पदरज (सवाई माधोपुर), विवेक चतुर्वेदी की कविताओं पर केंद्रित रहा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जन संस्कृति मंच अशोकनगर के साथी श्याम मुद्गल, संतोष कुमार दुबे, सचिव जसपाल बाँगा और हरगोविंद पुरी ने जनगीतों की प्रस्तुति दी, अपने लिए जिए तो क्या जिए, समाजवाद बबुआ धीरे-धीरे आई और लड़ते हुए सिपाही का गीत बनो रे। अतिथियों का पुष्पमाला द्वारा स्वागत किया। जिला पुस्तकालय संघ अशोकनगर की अध्यक्ष अमीता सेठी, रानी विवेक राजोरिया, वैशाली सलूजा द्वारा पुष्प गुच्छ व पुस्तक भेंट की गई। मंच के साथियों द्वारा भी अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉक्टर रजनी शुक्ला द्वारा अतिथियों के कृतित्व और व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उसके बाद विवेक चतुर्वेदी ने अपनी 10 महत्वपूर्ण रचनाओं का पाठ किया जिनमें स्त्रियां घर लौटती हैं, ताला चाबी और अन्य रचनाओं का पाठ किया। विनोद पदरज द्वारा भी अपनी 10 कविताओं का पाठ किया गया। उसके बाद प्रयास जोशी ने अपनी कई कविताओं का पाठ किया जिन्हें उपस्थित जन ने बहुत सराहा।

इसके बाद स्थानीय कवियों ने भी कविता पाठ किया जिनमें, जगदीश शर्मा, भानुप्रकाश रघुवंशी, हरगोविंद पुरी, संजय माथुर, अरबाज खान आदि कवियों ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित नागरिक, बुद्धिजीवी और पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंकज दीक्षित, मुकेश बिजौले, सीमा राजोरिया, हरिओम अफरोज, सत्तार खान ,नंदकिशोर पटवा, महेश कुशवाह, विनोद शर्मा, अमिता सेठी, देवेश जोनवर, अशोक चावड़ीकर, हरिराम अहिरवार, रमेश कुमार इटोरिया, रंजीत, नीतू, डाली और और 50 से अधिक दर्शक श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर रजनी शुक्ला द्वारा किया गया, आभार व्यक्त इकाई के सचिव जसपाल बांगा द्वारा किया गया।



अशोकनगर के आदित्य जैन ने बढ़ाया जिले का मान

अशोकनगर। जिले की ईसागढ़ तहसील निवासी युवा आदित्य जैन पिता महेंद्र कुमार जैन (बब्बा) एवं माता अनीता जैन का चयन न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भारत सरकार में के एक्यूजीटिव ट्रेनी पद पर हुआ है। आदित्य की सफलता के पीछे उनके माता-पिता का वर्षों का संघर्ष,त्याग और विश्वास रहा उनके पिता महेंद्र कुमार जैन निजी बस में कंडक्टर के रूप में कार्य करते थे,वहीं उनकी माता अनीता जैन ने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया सीमित संसाधनों के बावजूद माता-पिता ने उनकी शिक्षा और सपनों में हमेशा पूरा सहयोग किया, आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने भाई-बहनों को दिया है। शुभचिंतकों ने आदित्य को इस उपलब्धि पर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

स्थान को लेकर ग्रामीण अड़े

बरखेड़ा में रातों-रात स्थापित की गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर परिषद पिपरई के वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा में सोमवार रात डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने का मामला सामने आया है। प्रतिमा की स्थापना को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच स्थान को लेकर गंभीर स्थिति बनी हुई है ग्रामीण मानने तैयार नहीं हैं।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बरखेड़ा के ग्रामीणों द्वारा विगत दिनों नगर परिषद पिपरई, तहसीलदार एवं कलेक्टर सहित क्षेत्र के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को आवेदन देकर मांग की गई थी कि ग्राम बरखेड़ा में पिपरई-मुंगावली मार्ग के समीप स्थित सर्वे क्रमांक 355 की शासकीय भूमि, जो गौ माता बैठक के लिए चिन्हित बताई गई है और जिसका रकबा करीब साढ़े पांच बीघा है, उसमें से लगभग एक बीघा भूमि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापना एवं भवन निर्माण के लिए उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष कई बार आवेदन देकर अपनी मांग रखी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने के बाद सोमवार रात 24 अगस्त को अज्ञात लोगों द्वारा उक्त स्थान पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई।

मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों एवं अधिकारियों को प्रतिमा स्थापित किए जाने की जानकारी मिली तो नगर परिषद के सीएमओ संतोष कुमार सोनी,तहसीलदार अंजली चैधरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा प्रतिमा स्थापना के लिए दूसरी उपयुक्त जगह चिन्हित कर बेहतर व्यवस्था के साथ प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी।हालांकि, ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। मंगलवार शाम तक प्रतिमा उसी स्थान पर स्थापित रही और ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रतिमा को वहां से नहीं हटाया जाए।

इस संबंध में तहसीलदार अंजली चैधरी ने बताया कि प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई थी कि प्रतिमा के लिए उचित स्थान चिन्हित कर नियमानुसार स्थापना करवाई जाएगी। लेकिन ग्रामीण सहमत नहीं हुए। इसके बाद प्रतिमा ग्रामीणों को सुपुर्द कर दी गई और उन्हें यह भी बताया गया कि प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी ग्रामीणों की स्वयं की होगी।

मिठाईयों एवं नमकीन के लिये नमूने, खाद्य पदार्थों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में त्यौहारों के चलते खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा जिले में स्थित मिठाई की दुकानों से 25 से अधिक मिठाईयों एवं नमकीन जांच चलित खाद्य प्रयोगशाला के द्वारा कराई गई। संदेह के आधार पर विवेक टाकीज गली स्थित कमल स्वीट्स से मलाई बर्फी तथा सादा बर्फी एवं पछाडीखेडा रोड स्थित साधना स्वीट्स से बच्चों के द्वारा खाई जाने वाली मिल्कू मिठाई तथा गिरनार नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया जाकर राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में भेजा गया। साधना स्वीट्स से बेस्ट बिफोर अवधि के पश्चात भी विक्रय हेतु दुकान में संग्रहित कर रखे हुये 15 नमकीन के पैकटों को मौके पर नष्ट करवाया गया तथा भविष्य में ऐसा होते पाये जाने पर पंजीयन निलंबित किये जाने का नोटिस दिया गया तथा दुकानदारो को निर्देशित किया गया कि वह दुकान में विक्रय किये जाने वाले खाद्य पदार्थों को कंपनी से या फिर ऐसे व्यक्तियों से खरीदे जिनके पास खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत जारी खाद्य पंजीयन अथवा लाइसेंस हो और बिल के बगैर खाद्य पदार्थों की खरीदी न करें।

खेल की बात प्रधानमंत्री मोदी के साथ

राष्ट्रीय खेल दिवस प्रधानमंत्री करेंगे विद्यार्थियों से संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर


शासकीय महाविद्यालय सेहराई में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत, राष्ट्रीय सेवा योजना, मेरा युवा भारत द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर "खेलो इंडिया संवाद खेल की बात पीएम के साथ" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस तथा युवा नेतृत्व वाले राष्ट्र निर्माण के राष्ट्रीय विजन से जोड़ना है। विशेष बात यह है कि सहराई महाविद्यालय के विद्यार्थियों से करेंगे प्रधानमंत्री मोदी संवाद।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं युवा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम से जुड़ेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनेंगे। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं खेल जगत से जुडी हस्तियां स्थानीय स्तर पर युवाओं के साथ संवाद एवं विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।कार्यकम प्रभारी डॉ अंजू सिहारे, प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता तथा माय भारत से श्रेया कदेला ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें देश की खेल यात्रा, फिटनेस और युवा नेतृत्व वाले विकास से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी रहेगी तथा युवाओं को अपने विचार, सुझाव और आकांक्षाएं साझा करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को डल ठींतंज पोर्टल पर पंजीकरण के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा तथा माई भारत सजेशन के माध्यम से अपने सुझाव डिजिटल रूप से प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2027 के संबंध में भी युवाओं को जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन, युवाओं की सहभागिता तथा खेल एवं युवा विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की।

'जीवन का अर्थ समझे बिना निरर्थक है मनुष्य जन्म'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन के वास्तविक अर्थ और अध्यात्म पर गहरा प्रकाश डाला। उन्होंने साइंस ऑफ लिविंग (जीने की कला) के संदर्भ में जीवन की व्याख्या करते हुए कहा कि अर्थ को जानने से पहले जीवन के वास्तविक अर्थ को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है।

मन की स्थिरता ही सच्चा जीवनमुनि श्री ने जीवन शब्द का अनूठा विश्लेषण करते हुए कहा कि जी$वन = जीवन होता है। यहाँ जी का सीधा अर्थ हमारे मन से है। उन्होंने बुंदेलखंड के लोक व्यवहार का उदाहरण देते हुए कहा कि अक्सर लोग कहते हैं, हमारो जी मचल रओ है, जिसका अर्थ होता है कि उनका मन स्थिर नहीं है। आचार्यों के अनुसार, जिसका मन इस संसार रूपी वन में नहीं लग रहा है, उसी का जीवन वास्तव में सार्थक है। भटकाव से मुक्ति का मार्ग उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम जीवन के इस गहरे अर्थ को नहीं समझेंगे, तो हमारा यह अनमोल मनुष्य जन्म पूरी तरह से निरर्थक हो जाएगा। आज संसार रूपी वन में चारों तरफ केवल भटकाव ही भटकाव है। सांसारिक गतियों में उलझा इंसान केवल आत्म तत्व को भूलकर भटक रहा है।

पंच स्त्रोत पाठ और रुद्राभिषेक के साथ हुई पूर्णाहुति

युगल सरकार मंदिर में पार्थिव शिवलिंग पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सावन मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर विश्व माँगल्य सभा अशोकनगर द्वारा विगत एक माह से चलाई जा रही शिव आराधना श्रृंखला का समापन बड़े ही भाव, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में युगल सरकार मंदिर में सम्पन्न हुआ।

11 शिवालयों में पंच स्त्रोत पाठ का संकल्प

विश्व मांगल्य सभा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह में 11 पवित्र शिवालयों में पंच स्त्रोत पाठ करने का संकल्प लिया गया था। इसी श्रृंखला के अंतर्गत हजारेश्वर महादेव दुर्गा मंदिर गायत्री शक्तिपीठ नारायणपुर माता मंदिर सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, शिव शक्ति परिवार मंदिर, बालाजी एवेन्यू रेस्ट हाउस शिव मंदिर एवं ईसागढ़ सहित नगर के प्रमुख शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। जिसकी भव्य पूर्णाहुति आज युगल सरकार मंदिर में हुई।

पार्थिव पूजन और अभिषेक से गूंजा मंदिर

समापन समारोह में सुबह 11 बजे से पुजारियों के सान्निध्य में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन, पंच स्त्रोत पाठ - शिव महिम्न स्त्रोत, रुद्राष्टक, लिंगाष्टक, शिव तांडव स्त्रोत एवं शिव पंचाक्षर स्त्रोत का सस्वर पाठ किया गया। इसके साथ ही शिवार्चन रुद्राष्टक शिव मानस पूजा लिंगाष्टकम द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं शिव सतनामावली और रुद्राभिषेक' का आयोजन हुआ। हर हर महादेव की ध्वनि से पूरा परिसर शिवमय हो गया।

मातृशक्ति की रही विशेष भूमिका

इस पूरी श्रृंखला मैं विश्व माँगल्य सभा की जनप्रतिनिधि पर मातृसभा की राष्ट्रीय संयोजिका डॉक्टर अनुराधा यादव एवं धर्म संस्कृति शिक्षा विभाग की प्रात संयोजिका कविता साहू .बाल सभा की प्रात संयोजिका. किरण अग्रवाल प्रांत सहसंयोजीका नैना शर्मा .धर्म संस्कृति शिक्षा विभाग की जिला संयोजिका चंदा यादव सहित विश्व माँगल्य सभा की समस्त कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या मैं समापन अवसर परमातृशक्ति पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहीं। महिलाओं ने एक स्वर में शिव स्तुति कर परिवार, समाज और विश्व के मंगल की कामना की। विश्व माँगल्य सभा का यह प्रयास युगानुकूल मातृत्व का सजीव उदाहरण है-जहाँ माँ घर के साथ-साथ समाज को भी संस्कारित कर रही है के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभा ने घोषणा की कि यह शिव आराधना श्रृंखला हर वर्ष इसी श्रद्धा के साथ जारी रहेगी।

करोड़ों की लागत से बना नवीन भवन भी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के अभाव में खा रहा धूल

सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी से क्षेत्र की जनता परेशान, 9 डॉक्टर में से 3 दे रहे 24 घंटे सेवा





अस्पताल में पदस्थ यह डॉक्टर छूट्टी पर

नाम	समयावधि
डॉ. चंचल दांगी	जनवरी 2026 से अवकाश पर हैं।
डॉ. कृष्णा अग्रवाल	मार्च 2026 से अवकाश पर हैं।
डॉ. अनु प्रेक्षा जैन	मात्र ज्वाइनिंग इसके बाद अवकाश पर चली गईं।
डॉ. प्रियंका नरवरिया	हाल ही में 45 दिन के अवकाश पर गई।
डॉ. मनोज गुप्ता	यह राजगढ़ में पदस्थ बताए गए हैं।
डॉ. मनीष सूर्यवंसीष	-यह विगत तीन वर्षों से सिविल अस्पताल जीरापुर में पदस्थ होकर भी सारंगपुर अस्पताल में सेवाएं दे रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर नगर में करोड़ों रुपए की लागत से 50 बिस्तरों का हांस्पिटल बनकर तैयार है लेकिन नवीन भवन में शिफ्ट नहीं होने से नवनिर्मित भवन शो-पीस बनकर धूल खा रहा है। हालांकि नवीन भवन शो-पीस होना स्वाभाविक है क्योंकि पुराने भवन में संचालित सिविल अस्पताल के यह हालात हैं कि जहां नौ डाक्टर पदस्थ हैं लेकिन मात्र तीन डाक्टरों के भरोसे स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित हो रही हैं। जानकारी के मुताबिक नौ में से छह चिकित्सक लम्बे समय से अवकाश पर, ऐसे में सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सावलिया निशान लगा रही है। सिविल अस्पताल में नौ एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ होने के बावजूद वर्तमान में केवल तीन चिकित्सकों के भरोसे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं चल रही।

9 डॉक्टरों में से सिर्फ तीन बजा रहे 24 घंटे ड्यूटी

बीएमओ डॉ. सुनील चौरसिया सहित डॉ. अभिषेक शर्मा और डॉ. कमल वर्मा द्वारा 24 घंटे ड्यूटी कर मरीजों को सेवाएं दे रहे हैं। वहीं छह चिकित्सकों के लंबे समय से अवकाश पर रहने से अस्पताल की व्यवस्थाओ में मरीजों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक संरक्षण के चलते सिविल अस्पताल के 6 डॉक्टरो ने लंबे समय से अवकाश लेकर सरकार द्वारा मिल रहे सैलरी में मौज कर रहे और अस्पताल में आने वाले पीड़तों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के प्रमुख स्वास्थ्य केन्द्र के यह हालात

सिविल अस्पताल क्षेत्र का एक मात्र बड़ा अस्पताल माना जाता है जिसमें नगर की बड़ी आबादी के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए भी प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। लगातार ड्यूटी के कारण चिकित्सकों पर भी अतिरिक्त कार्यभार पड़ने की स्थिति बन रही है। गजब की स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था जिस पर शासन प्रशासन ही नहीं जनप्रतिनिधि भी मौन चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसे में अस्पताल में आने वाले मरीजों का उपचार वर्तमान में मुख्य रूप से तीन डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है।

ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह हालात

ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में डॉ. सिमरन ठाकुर 15 जुलाई से तथा डॉ. शुभम अग्रवाल मार्च से अवकाश पर बताए जा रहे हैं। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगोरा में डॉ. जतिन शर्मा 15 जून से अवकाश पर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को उपचार के लिए नगर के अस्पताल तक आना पड़ता है।

लंबे अवकाश और वैकल्पिक व्यवस्था पर सवाल

स्थानीय संवाददाता ने जब अस्पताल में ओपीडी की जानकारी ली तो पता चला प्रतिदिन लगभग 300 से अधिक मरीज अपने इलाज हेतु अस्पताल में पहुंचते हैं। शासन प्रशासन की स्वास्थ्य सेवाओं डॉक्टरों पूर्ति के डंके मात्र दिखावा साबित हो रहें हैं। जब इन चिकित्सकों के पद स्वीकृत होकर पदस्थ हैं, तो लंबे समय तक चिकित्सकों के अवकाश पर रहने की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्यों उचित कार्यवाही नहीं की जाती है क्यों खाना पूर्ति करके मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में वैकल्पिक चिकित्सकों की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है। वहीं यह भी सवाल है कि लंबे अवकाष स्वीकृत करने के दौरान मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए विभाग ने क्या वैकल्पिक व्यवस्था की।

इनका कहना है...

अस्पताल में 9 डॉक्टर पदस्थ है, उनमें से 6 ने अवकाश ले रखा है, इस संबंध में मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। आगे उनके बारे में सीएमएचओ ही बता पाएंगे।

डॉ. सुनील चौरासिया,
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जीरापुर

- सिविल अस्पताल में डॉक्टर की कमी को देखते हुए मेरे द्वारा आयुक्त को पत्र लिखा जाएगा। डॉक्टरों की नई नियुक्ति भी होना है, जिसमें सिविल अस्पताल की पूर्ति की जाएगी और छूट्टी पर लंबे समय से चल रहे डॉक्टरों की जांच करवाता हूँ।

हजारीलाल दांगी,
विधायक विधानसभा क्षेत्र खिलचीपुर

नोटिस के 15 दिन बाद भी खाली नहीं करवाई गईं शराब दुकानें

सीएमओ ने 11 अगस्त को जारी किए थे 4 नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय नाका नंबर'-3 स्थित काम्पलेक्स की चार दुकानों के दुकानदारों ने बगैर नगर पालिका की अनुमति लिए शराब ठेकेदार को अपनी दुकानें किराए के आधार पर दे रखी हैं। जबकि, ये दुकानदार स्वयं नगर पालिका को दुकानों का किराया देते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो चारों दुकानदार पूरी तरह से दुकानों के मालिक नहीं है।

ऐसे में नगर पालिका सीएमओ पवन अवस्थी ने उक्त चारों दुकानों के दुकानदारों को 11 अगस्त को नोटिस जारी कर अपनी-अपनी दुकानें शराब ठेकेदार से खाली करवाने नोटिस जारी किया था। सीएमओ के नोटिस के 12 दिन बीत जाने के बाद भी इन दुकानों से शराब दुकानें नहीं हट पाई हैं। आपको बतादें कि नगर पालिका ने ऑक्शन सिस्टम(बोली) के तहत ये दुकानें इसलिए आवंटित की थी ताकि इन्हें लेने वाला व्यक्ति स्वयं का व्यवसाय चालू करते हुए आत्मनिर्भर बन सके। ऐसा तो हुआ नहीं उलटे दुकानदारों ने अपनी दुकानें शराब ठेकेदार को किराए पर दे दीं।

इन चार दुकानदारों को जारी हुए हैं नोटिस

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजगढ़ ने जिन चार दुकानदारों को उक्त नोटिस जारी किए हैं उनमें सोमलाल पिता शंभुलाल दुकान क्रमांक-4, कालूराम पिता प्यारजी दुकान क्रमांक-5, दिनेश कुमार पिता बाबूलाल दुकान क्रमांक-6 एवं बब्बी खां पिता अताउल्ला खां दुकान क्रमांक-7 शामिल हैं। आपको बतादें कि उक्त चारों दुकानें एकदम पेरेलर(एक के बाद एक) बनी हुई हैं ऐसे में संबंधित शराब विक्रेता ने अपनी सहुलियत के लिए चारों दुकानों को किराए पर लिया है।

इनका कहना है

यदि दुकानें अब तक खाली नहीं करवाई गई हैं तो अब आगे चारों दुकानदारों पर नगरीय प्रशासन विभाग के नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

पवन अवस्थी, सीएमओ,
नगर पालिका, राजगढ़

मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए शिल्पकार संजय अहिरवार



राजगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल स्थित संत रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में आयोजित ओरिएंटेशन समारोह में प्रदेश के चार पीएम विश्वकर्मा कारीगरों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इन चार उत्कृष्ट कारीगरों में राजगढ़ जिले के काष्ठ शिल्पकार संजय अहिरवार निवासी पचोर भी शामिल हैं। अहिरवार की उत्कृष्ट कारीगरी की सभी के द्वारा सराहना की गई। इस दौरान संजय अहिरवार द्वारा स्वयं द्वारा लकड़ी पर की गई नक्काशी की एक अद्भुत कलाकृति मुख्यमंत्री को भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि पीएम विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरी को स्थानीय बाजारों से आगे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने, कारीगरों की आजीविका को सुदृढ़ बनाने और उनके सतत विकास के नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस सम्मान पर अहिरवार ने मंत्रीगणों, जिला प्रशासन, उद्योग विभाग का आभार व्यक्त किया है।

पीपल्याकुल्मी में रक्तदान शिविर में हुआ 22 यूनिट रक्तदान



माचलपुर। समीपस्थ ग्राम पीपल्याकुल्मी में मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर और नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। यह आयोजन विधायक प्रतिनिधि हनुमान पाटीदार के जन्मदिन अवसर पर पाटीदार धर्मशाला में हुआ। जिसमें भारी बारिश के बीच आसपास क्षेत्र से आए आंखों के मरीज ऑन की जांच कर दवाइयां, चश्मा, लेंस वह ऑपरेशन वाले मरीज को श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर अस्पताल में भेजा गया। वहीं अस्पतालों में भर्ती मरीजों को जरूरमंद होने पर मरीजों को समय-समय पर जो की रक्तदान करते हैं उन्होंने अपने जीवन का हनुमान पाटीदार ने 21वां रक्तदान भी किया। शिविर में 22 यूनिट रक्तदान हुआ।

सोयाबीन फसल में दाना नहीं आने की शिकायत, किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



नरसिंहगढ़। तहसील क्षेत्र में अल्पवर्षा के चलते सोयाबीन की फसल के खराब होने और कई खेतों में फसल के बांझ रहने की शिकायत को लेकर भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम ज्ञापन सौंपकर फसल का तत्काल सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को राहत राशि दिए जाने की मांग की है। साथ ही वर्ष 2025 के खरीफ फसल बीमा से वंचित रहे तहसील के कुछ गांवों के किसानों को जल्द बीमा राशि दिलाने की मांग भी की है। इसके अलावा किसानों ने जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा भी उठाते हुए किसानों को उचित मुआवजा देने और फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय किए जाने की मांग की गई। भारतीय किसान संघ ने शीघ्र किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी।


अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

नवनियुक्त एसडीएम ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नवनियुक्त एसडीएम जय सोलंकी ने मंगलवार को तहसीलदार कपिल शर्मा के साथ सिविल अस्पताल सारंगपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मिली विभिन्न अव्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार किशनपुरा निवासी दुर्गा पुष्पद ने एसडीएम जय सोलंकी से शिकायत की थी कि उनकी पत्नी शिवानी पुष्पद की 21 अगस्त को सिविल अस्पताल सारंगपुर में डिलीवरी हुई थी। नवजात बच्चे को संक्रमण होने के कारण उसका उपचार अस्पताल में चल रहा था। परिजन का आरोप है कि मंगलवार को अस्पताल की नर्सों ने जच्चा और बच्चा दोनों को यह कहते हुए अस्पताल से बाहर कर दिया कि भर्ती हुए चार दिन हो चुके हैं और अब उनकी छुट्टी हो गई है। इसके बाद दोनों को अस्पताल परिसर के बाहर कर दिया गया। शिकायत मिलने पर एसडीएम जय सोलंकी और तहसीलदार कपिल शर्मा तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी लेते हुए जच्चा और बच्चा को तत्काल अस्पताल के एक कक्ष में भर्ती करवाया। इसके बाद




एसडीएम ने अस्पताल के पीआईसीयू, लेबर रूम सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

इ्यूटी से नदारद डॉक्टरों को नोटिस थमाने का दिया निर्देश

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी के समय कुछ डॉक्टरों के अस्पताल में मौजूद नहीं रहने की बात भी सामने आई। इस पर एसडीएम ने बीएमओ डॉ. केएल भीलवारे को संबंधित डॉक्टरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। वहीं अस्पताल परिसर में गंदा पानी भरा होने और पार्किंग में निजी वाहनों के खड़े रहने पर भी एसडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने बीएमओ को परिसर से गंदा पानी हटवाने तथा अस्पताल की पार्किंग को व्यवस्थित कर निजी वाहनों को हटाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा व्यवस्थाओं में लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

तीन महीने में ही दरारों में तब्दील हुई 15 लाख की सीसी सड़क, नाली निर्माण भी अधूरा



सारंगपुर। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बरखेड़ा खुर्रम के अंतर्गत खंजरपुर गांव में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से करीब 15 लाख रुपए की लागत से मई माह में बनाई गई सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क महज तीन महीने में ही जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने लगी है। सड़क पर कई स्थानों पर दरारें पड़ गई हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण अनिल राठौर और महेश राठौर ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण से पहले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पर्याप्त मुरम डालकर उसकी दबाई नहीं की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में करीब दो से तीन इंच तक ही सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते सड़क मजबूत नहीं बन सकी। निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क पर जगह-जगह दरारें दिखाई देने लगीं। ग्रामीणों के अनुसार सीसी सड़क के साथ नाली निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित था, लेकिन एक तरफ नाली का निर्माण पूरा नहीं किया गया। वहीं, जहां नाली बनाई गई है, वहां भी कई स्थानों पर नाली टूट चुकी है। इससे बारिश के दौरान पानी की निकासी को लेकर परेशानी होने की आशंका है। ग्रामीणों ने सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और तकनीकी अधिकारियों से मौके का निरीक्षण करवाने की मांग की है। उनका कहना है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद यदि सड़क कुछ ही महीनों में खराब होने लगे तो निर्माण की गुणवत्ता और जिम्मेदारी तय की जाना जरूरी है।

इनका कहना है...

नाली जहां बननी थी, वहीं उसका निर्माण किया गया है। अभी मूल्यांकन नहीं हुआ है। जितना काम किया गया है, उतने का ही मूल्यांकन होगा। बचा हुआ काम भी करवाया जाएगा।"

नरेंद्र कुमार पांडे, सचिव, ग्राम पंचायत बरखेड़ा खुर्रम इंजीनियर को भेजकर मौके पर दिखवा लेते हैं। यदि काम गुणवत्ताहीन पाया गया तो उसका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

कृपाल पेरवाल, एसडीओ, आरईएस सारंगपुर

संत शिरोमणि रविदास महाराज की 685 वीं जयंती के अवसर निकाली भव्य रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

संत शिरोमणि रविदास महाराज की 685 वीं जयंती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान की शुरुआत 20 अगस्त से हुई, जो 10 सितंबर तक निर्धारित मार्ग पर कलश रथ यात्रा आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में संत जनों के सानिध्य में रथ यात्रा का नगर में आगमन हुआ।

इस दौरान छापीहेड़ा नाके पर आतिशबाजी और ढोल ढमाके के साथ कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात कबीर मंदिर से होते हुए रथ यात्रा दशहरा मैदान पर रामदेव जी के मंदिर परिसर में पहुंची। जहां विधायक दांगी एवं अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा रथ यात्रा के पवित्र कलश का पूजन किया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा रथ यात्रा में शामिल समस्त अतिथियों और गणमान्य नागरिक व संतों का साफा बांधकर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। रथ यात्रा दशहरा मैदान से खिलचीपुर नाके बस स्टैंड से गांधी बस्ती पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में संत रविदास महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए संत की महानता को दर्शाया गया। सामाजिक समरसता व समाज हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों व योगदान को प्रतिपादित किया गया। कार्यक्रम में विष्णु सिंह पवांर, भगवानसिंह तोमर, गंगाराम तोमर, ईश्वर सिंह तोमर बटावदा, नगर परिषद रमेश मालवीय, विशाल दांगी, कमल भावसार, जसवंतसिंह चैहान, राहुल दांगी, राकेश मंडलोई, कमल मंडलोई, मनोहर दांगी, जितेंद्र तिवारी, नीरज मालवीय, मनीष कौशिक विजय गुप्ता, अजय दांगी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

समाज के युवक के साथ हुई मारपीट के संबंध में ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे लोग

राजगढ़ टीआई और प्रजापति समाजजनों के बीच हुई तीखी नोक-झोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मखेनिया और दक्ष प्रजापति आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष आर.एन. प्रजापति के बीच मंगलवार दोपहर उस समय हॉटटॉक हो गई जब समाजजन कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। दरअसल, पिछले दिनों मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में प्रजापति समाज के किशोरों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में दोषियों पर त्वरित कार्यवाही न किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रजापति समाजजन कलेक्टेट पहुंचे थे।

इस दौरान समाज के लोग मांग करने लगे कि जब तक कलेक्टर स्वयं ज्ञापन लेने नहीं आते वे मौके से नहीं हटेंगे। इसके साथ ही समाज के लोगों का आरोप था कि कोतवाली पुलिस ने यथोचित कार्यवाही नहीं की है। इसी दरम्यान समाजजनों में से किसी ने टीआई मखेनिया को कह दिया कि 'वह आपको रिश्तेदार लगता है जो आपने एफआईआर में उसका नाम जोड़ा।' इस बात पर टीआई मंजू मखेनिया भड़क उठीं और महिला अधिकारी से इस लहजे में बात न करने की हिदायत ज्ञापन सौंपने वालों से तल्ख लहजे में कही। उन्होंने यह भी कहा कि



जब एफआईआर हो चुकी है।

समाजजनों ने कलेक्टर से यह रखी मांगे

समाज के बालकों से हुई मारपीट मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उपलब्ध वीडियो एवं अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित कर जांच में शामिल किया जाए। पीड़ित छात्र एवं उसके परिवार की जान-माल की सुरक्षा तत्काल सुनिश्चित की जाए। पीड़ित के परिवार को गांव छोड़ने के लिए मजबूर करने वाली परिस्थितियों एवं धमकियों की भी गंभीरता से जांच की जाए। भविष्य में पीड़ित परिवार के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए आवश्यक सुरक्षा एवं वैधानिक कार्यवाही की जाए।

इस घटना के कारण पहुंचे थे कलेक्टोरेट

चार दिन पहले 22 अगस्त को उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले छात्र मनोज पिता पवन प्रजापति उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम पिपलोदी हाल मुकाम बाराद्वारी



पानी की टंकी के पास बैठा हुआ था। इस दौरान अर्जुन गुर्जर अपने साथियों के साथ आया और स्कूल के चुनाव में उसके भाई को वोट न देने की बात को लेकर फंडों से मनोज के साथ मारपीट की। मारपीट में मनोज काफी घायल हो गया। मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अर्जुन गुर्जर निवासी पिपलोदी और अनुज सेन निवासी बगा को गिरफ्तार करते हुए बीएनएस की धारा 35(3) का नोटिस तामली करवाते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की थी। प्रजापति समाज का कहना था कि आरोपी पक्ष के लोग फरियादी छात्र और उसके परिवार को धमकियां दे रहे हैं वहीं पुलिस की कार्यवाही ज्यादा संतोषजनक नहीं है। इसी के चलते पूरा समाज ज्ञापन सौंपने पहुंचा था।